## गुस्ताखी माफ

मेलोडी देकर नहीं, सिर्फ.जताया प्यार।
सिल्क स्टोल भी है दिया, प्रेम पगा उपहार।
प्रेम पगा उपहार, मची है बहुत खलबली।
घी-खिचड़ी हो रहे, देखिए भारत-इटली।
कह साहिल कविराय, नहीं है यह पैरोडी।
कई जगह दिल जले, भेंट की जब मेलोडी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 132 | SATURDAY 23-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# गुरप्रताप सिंह विर्क: वह आदमी जो 1985 में राजीव गांधी की हत्या नहीं कर पाया

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मई। गुरप्रताप सिंह विर्क, जिसे जॉन सिंह के नाम से भी जाना जाता था, 1985 में अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या करना चाहता था।

वह बहुत अच्छी तरह से बात करने वाला और बहुत जानकार व्यक्ति था। मेरे लिए उसे एक आतंकवादी के रूप में सोचना मुश्किल है। वह शर्मीला, अच्छे व्यवहार वाला और मजेदार इंसान था। न्यूयॉर्क में रहने वाले एक एग्जीक्यूटिव फ्रेड रोसेटी ने 1985 में विर्क का वर्णन इसी तरह किया था। विर्क, जो एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर था और साल के लगभग 60,000 डॉलर



कमाता था, उसके पास डॉक्टरेट की डिग्री थी और वह देखने में बिल्कुल एक आम टेक प्रोफेशनल जैसा ही लगता था। रोसेटी को याद है कि वह शायद ही कभी पगड़ी पहनता था। हालाँकि, FBI के अनुसार, विर्क एक ऐसी साज़िश के केंद्र में था, जिसका मकसद हिंसा के जरिए भारत सरकार को उखाड़ फेंकना, पूरे भारत में अहम ठिकानों पर बमबारी करना और राजीव गांधी की हत्या करना था।

## हथियार तस्कर निकला मुखबिर

राजीव गांधी आखिरकार इसलिए बच गए क्योंकि साज़िश रचने वालों का ध्यान भटक गया और उन्होंने अपना निशाना हरियाणा के नेता भजन लाल पर साध लिया, जो उस समय अमेरिका की यात्रा पर थे। तब तक, FBI ने एक गुप्त एजेंट के जरिए इस नेटवर्क में घुसपैठ कर ली थी; वह एजेंट खुद को एक भाड़े का सैनिक और विस्फोटक विशेषज्ञ बता रहा था। खबरों के मुताबिक, यह जाँच तब शुरू हुई जब विर्क टेलीविजन पर इंदिरा गांधी की हत्या को सही ठहराते हुए दिखाई दिया। पहले से ही कट्टरपंथी गतिविधियों पर नजर रख रही FBI तब और करीब पहुँच गई, जब विर्क ने कथित तौर पर एक हथियार तस्कर से संपर्क किया और अर्धसैनिक बलों जैसी ट्रेनिंग की माँग की। वह हथियार तस्कर असल में ऋक का ही एक मुखबिर निकला।

## 1985 में मीटिंग कर की चर्चा

26 जनवरी, 1985 को न्यूयॉर्क में हुई एक बैठक में, विर्क और एक अन्य साज़िशकर्ता ने हिंसा के जरिए भारत सरकार को उखाड़ फेंकने की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने पुलों, होटलों, सरकारी इमारतों और यहाँ तक कि एक परमाणु केंद्र पर भी बमबारी करने की बात की, और साथ ही नकली पासपोर्ट, विस्फोटक और गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग की भी माँग की। जांचकताओं को असली निशाना खुद राजीव गांधी के बारे में बाद में ही पता चला।

## इंदिरा की हत्या के बाद साजिश सामने आई

यह साज़िश अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के कुछ ही महीनों बाद सामने आई, जब पंजाब में उग्रवाद और खालिस्तानी अलगाववाद तेजी से बढ़ रहा था। जहाँ एक तरफ भारत अपने देश में इस संकट को रोकने की कोशिश कर रहा था, वहीं विदेशों में रहने वाले कट्टरपंथी सिख समुदाय के कुछ हिस्सों ने खुले तौर पर खालिस्तान आंदोलन का समर्थन किया। ऋकने आरोप लगाया कि विर्क और उसके साथियों ने एक आतंकी कैंप में हिस्सा लिया, जहाँ नए लोगों को विस्फोटक, ऑटोमैटिक हथियार, रासायनिक युद्ध, शहरी गुरिल्ला युद्ध की रणनीतियों और पुलों, ट्रेनों और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र जैसे ठिकानों को नुकसान पहुँचाने की ट्रेनिंग दी गई थी।

# हरियाणा के बहादुरगढ़ में केमिकल फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका; कई मजदूर घायल, कई फंसे

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मई। शुक्रवार को बहादुरगढ़ के मॉडर्न इंडस्ट्रियल एस्टेट (एमआईई) पार्ट-बी इलाके में एक केमिकल फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ। हादसे में छह से ज्यादा मजदूर घायल हो गए।

धमाके की असली वजह अभी पता नहीं चल पाई है, लेकिन अधिकारियों को शक है कि बॉयलर फटने से यह हादसा हुआ, जिसके चलते फैक्ट्री की दो-मंज़िला इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। यह फैक्ट्री केमिकल-आधारित ग्लू बनाने का काम करती थी। चार मजदूरों को गंभीर रूप से जलने की चोटें आईं, जिन्हें रोहतक के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रेफर कर दिया गया। मलबे के नीचे कई और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है, बचाव अभियान जारी है।



## अधिकारी ले रहे स्थिति का जायजा

मयंक मिश्रा, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, स्थिति का जायजा लेने के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायलों की सही संख्या की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। डीसीपी ने कहा कि राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) की एक टीम बचाव अभियान में शामिल हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के अनुसार, इस दुखद घटना के पीछे बॉयलर फटना ही मुख्य वजह लग रही है।

## धमाके से दहला इलाका

यह घटना दोपहर में हुई, धमाके से पूरा औद्योगिक इलाका दहल गया। धमाके का असर इतना जबरदस्त था कि आस-पास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे मजदूरों में भी दहशत फैल गई और धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। धमाके के तुरंत बाद फैक्ट्री परिसर के अंदर भीषण आग लग गई और इमारत की छत ढह गई, जिससे मजदूर मलबे के नीचे दब गए।

## फैक्ट्री में मौजूद थे मज़दूर

शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, घटना के समय फैक्ट्री के अंदर 10 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे, जबकि कई अन्य लोग फैक्ट्री परिसर के बाहर काम कर रहे थे। बचाव टीमों ने मलबे से चार से पांच घायल लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया। आग बुझाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जबकि पुलिस और ज़िला प्रशासन की टीमों ने पूरे इलाके को घेर लिया और राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया।

# मां बगलामुखी की आराधना से भक्तों को प्राप्त होती है मानसिक शांति, शक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा : महंत प्रवीण चौधरी



लुधियाना/यूटर्न/22 मई। लाखों भक्तों की अपार आस्था के प्रतीक मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी के सानिध्य में सर्व कष्ट निवारण यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में शहर सहित देश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां बगलामुखी के चरणों में आस्था प्रकट की और यज्ञ में आहुतियां डालकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं सभी कष्टों के निवारण की कामना की। हवन यज्ञ के दौरान धाम परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन की पवित्र अग्नि के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्त मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करते नजर आए। इस अवसर पर महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि मां बगलामुखी की आराधना से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और भक्तों को मानसिक शांति, शक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, सुनील हांडा, जतिन सूद, संदीप सूद, तरुण चौधरी, परमवीर चौधरी, नरिन्द्र सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिन्द्र महाजन, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवेश चड्ढा ,रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता, वरुण चोपड़ा, तुषार बंसल, धीरज गुप्ता, जनकराज सिंगला उपस्थित रहे।

# भारत नगर चौक नजदीक सड़क के बीच लगा ट्रांसफार्मर लोगों के लिए बना मुसीबत

लुधियाना/यूटर्न/22 मई। भारत नगर चौक से बस स्टैंड की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर लगा ट्रांसफार्मर लोगों के लिए मुसीबत बन चुका है। यह ट्रांसफार्मर आए दिन नीचे गिर जाता है। जिस कारण कई बार लोगों का जानी नुकसान होने से बचाव हुआ है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि पावरकॉम विभाग द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिसके चलते शुक्रवार को फिर से यह ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। हालांकि नीचे कोई व्यक्ति न खड़ा होने के कारण बचाव हो गया।



लेकिन बता दें कि इससे पहले भी कई बार यह ट्रांसफार्मर गिर चुका है। हर बार पावरकॉम विभाग द्वारा इसे टोपेरी तौर पर फीट कर दिया जाता है। जबकि इसका कोई पक्का हल नहीं निकाला जाता। इलाका निवासियों ने बताया कि पहले भी 3-4 बार यह ट्रांसफार्मर गिर चुका है। मगर शायद कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही प्रशासन जागेगा।



पेज 08 चंडीगढ़ में 35 लाख की चोरी की गुथी सुलझी....

# 2017-22 इंडस्ट्रियल पॉलिसी की IDF सब्सिडी रोकने से उद्योग जगत में हड़कंप, इंडस्ट्री के समर्थन में उतरे भाजपाई

लुधियाना/यूटर्न/22 मई। पंजाब सरकार की तरफ से राज्य की इंडस्ट्री को दी जा रही आईडीएफ (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फीस) सब्सिडी की सुविधा को पावरकॉम विभाग द्वारा बंद करने संबंधी नोटीफिकेशन जारी किया गया है। इस नोटीफिकेशन की कॉपी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

इन आदेशों का पता चलने के बाद राज्यभर की इंडस्ट्री में हलचल पैदा हो चुकी है। दरअसल, सरकार की इन सब्सिडी सुविधाओं के तहत ही स्टेट और बाहरी कारोबारी ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री लगाने में जुटे हुए थे। लेकिन अब एकदम से यह सुविधाएं बंद करने के कारण इंडस्ट्री की ग्रोथ रुक जाएगी। वहीं बाहरी इन्वेस्टर्स भी पंजाब में आने से कतराने लगेंगें।

इस मामले को विपक्षियों द्वारा मुद्दा बनाकर सरकार को घेरना शुरू कर दिया गया है। अब देखना होगा कि क्या आप सरकार इंडस्ट्री को राहत देती है या नहीं।

### करीब 250 करोड़ के इंपैक्ट पड़ने का अनुमान

वहीं एक्सपर्ट की मानें तो आईडीएफ सब्सिडी बड़े उद्योगिक घरानों के लिए फायदेमंद थी। जिसमें करीब 400-500 यूनिट आते हैं। लेकिन चर्चा है कि इस सब्सिडी से सरकार को सिर्फ 200 से 250 करोड़ का इंपैक्ट आएगा।

लेकिन उसके बदले इंडस्ट्री बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मगर सरकार द्वारा इन चीजों को ध्यान में न रखकर 9 साल पुरानी पॉलिसी को बदल दिया जा रहा है।




## अकाली सरकार से चल रही पॉलिसी

बता दें कि 2017 में अकाली दल सरकार के दौरान यह पॉलिसी लाई गई थी। ईडी और आईडीएफ के रुप में यह सब्सिडी दी जाती थी। जिससे इंडस्ट्री को काफी राहत मिली। कांग्रेस सरकार में भी यह सुविधा जारी रही। वहीं इससे मंडी गोबिंदगढ़ की स्टील इंडस्ट्री दोबारा रिवाइव हो सकी थी। 2023 में आप सरकार ने इस सुविधा को बंद कर दिया। जिसके बाद 2025 में कई इंडस्ट्री मालिकों को पहले दी सब्सिडी वापिस करने के नोटिस मिले। इंडस्ट्री ने पूर्व इंडस्ट्री मंत्री संजीव अरोड़ा के आगे अपनी समस्या रखी। अरोड़ा द्वारा तुरंत प्रभाव से एक दिन बाद ही सब्सिडी वापिस न करने का आश्वासन देकर उद्योग को राहत दी थी। मगर अब अरोड़ा के जाते ही फिर वहीं दुविधा आ खड़ी हुई।



### सरकार को अपने वादों से मुकरने नहीं देगें

वहीं पंजाब भाजपा के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि पंजाब सरकार ने इंडस्ट्री को बड़ी राहत देने के वादे किए थे। अब आप पार्टी वादों से पीछे हट रही है। हम सरकार को किसी भी हाल में अपने वादों से मुकरने नहीं देगें।



### इंडस्ट्री को दिलाएंगे बनता हक

भाजपा नेता और एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि सरकार की हर पॉलिसी का एक लॉ होता है। उसी के मुताबिक पॉलिसी चलती है। इंडस्ट्री को उसका हक दिलाया जाएगा। मैं हर समय इंडस्ट्री के साथ खड़ा हूं।



### व्यापारियों से हो रहा धक्का

वहीं भाजपा नेता एडवोकेट हर्ष शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार सीधे तौर पर व्यापारियों के साथ धक्केशाही कर रही है। अगर पुरानी सरकारें सुविधाएं दे रही थी, तो नई सरकार को इसमें क्या समस्या आ रही है।

### इंडस्ट्री की ग्रोथ सरकार के हाथ



भाजपा नेता व कारोबारी जतिंदर मित्तल ने कहा कि किसी भी स्टेट की सरकार वहां की इंडस्ट्री की माई-बाप होती है। सरकार के हाथ में ही इंडस्ट्री की ग्रोथ होती है। इसी से आर्थिक हालात बदलते हैं। अब ऐसे में अगर वहीं अपने नियम बदलेगी, तो इंडस्ट्री को संभालेगा कौन। ट्रांसफार्मर की इस समस्या संबंधी पिकबेरी की और से पावरकॉम विभाग को एक पत्र भेजकर शिकायत की गई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि यह ट्रांसफार्मर सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। जिसे दरुस्त करना जरुरी है।

# केमिस्टो की हड़ताल का असर : सेहत मंत्री ने बुलाया, सुनी केमिस्टों की शिकायते

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 22 मई: 20 मई को ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आ'न पर कैमिस्टों की एक दिन की राष्ट्रीय हड़ताल के बाद वीरवार को सेहत मंत्री डॉ. बलबीर सिंह पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों को अधिकारियों के माध्यम से बुलाया जिस पर पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन ने उनके साथ मीटिंग कर अपनी समस्याएं उनके सामने रखी।




मीटिंग में सेहत मंत्री के अलावा प्रिंसीपल सैक्रेटरी हैल्थ कुमार राहुल, एफडीए कमिश्नर कंवलप्रीत बराड़, ज्वाइंट कमिश्नर संजीव गर्ग और असिस्टेंस कमिश्नर गुरिंदर सिंह मीटिंग में उपस्थित थे इस मीटिंग में पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सुरिंदर दुग्गल, महासचिव जीएस चावला, अमरदीप सिंह, राजीव जैन, विक्रम ठाकुर, रविंदर भाटिया, राजीव और जगतारण समेत अन्य मौजूद थे। मीटिंग में केमिस्टों से जुड़ों मुद्दों ड्रग पॉलिसी में बदलाव, ओएनडीएलएस पोर्टल, ई फार्मेसी, शेड्यूल एच वन, प्रधानमंत्री जन औषधि सेंट्रो की जांच, फार्मसी काउंसिल की प्रॉब्लम्स पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के मुताबिक सेहतमंत्री ने उनकी सभी समस्याओं को ध्यान से सुना और उन्हें जल्द हल करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियो सुरिंदर दुग्गल और जीएस चावला ने हड़ताल में सहयोग के लिए सभी दवा विक्रेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि साझा कोशिशों का ही नतीजा है कि सेहतमंत्री ने खुद हमारी समस्याएं सुनने के लिए बुलाया।

### ड्रग विभाग नहीं करता नीम की हकीमो की जांच

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की रेगुलर जांच करना तो दूर नकली दवाइयां की जांच के लिए भी ड्रग विभाग में कभी हलचल नहीं देखी गई लोगों का कहना है कि ड्रग विभाग तो नीम हकीमो को नहीं पकड़ता बाकी तो दूर की बात है। ऐसे में उच्च अधिकारियों को शीघ्र ही इस और ध्यान देना चाहिए।

# स्वर्गीय राम कुमार गुप्ता ने अपने स्नेह के साथ पूरे परिवार को एक धागे में परोकर रखा















लुधियाना/यूटर्न/22 मई। पिछले दों श्री राम कुमार गुप्ता अपनी संसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु के चरणों में जा बिरजे थे। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए पाठ के भोग, अंतिम अरदास और रस्म पगड़ी 22 मई दिन शुक्रवार को श्री नव दुर्गा माता मंदिर सराभा नगर में दोपहर डेढ़ बजे से तीन बजे तक आयोजित की गई। शहर के सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक आगूओं द्वारा अंतिम अरदास में शामिल होकर परिवार के साथ दुख व्यक्त किया गया। पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय श्री राम कुमार गुप्ता काफी मिलनसार इंसान थे। उनकी और से हमेशा ही सामाजिक और धार्मिक कार्यों को पहल दी। उन्होंने अपने प्रेम-प्यार और स्नेह के साथ पूरे परिवार को एक धागे में परोकर रखा।

श्रद्धांजलि सभा में परिवार सदस्यों में उनकी पत्नी रंजिला गुप्ता, बेटा-बहू चेतन-नमिशा गोयल, सुगंधा-अंशुल सिंगला, नविशा-सीए राहुल गुप्ता, वीना गुप्ता-अशोक गुप्ता, रमा गुप्ता-जीवन गुप्ता, सुमन-राजेश गर्ग, अनिल-अनीता गुप्ता, राजेश-शिल्पा गोयल, अश्वनि-सुनीता गोयल, अजय-अनू गोयल, संजय-काजल गोयल, आशिर गुप्ता, शुभम गोयल, सौरव गोयल, अक्रिति-आयुश गुप्ता, श्रैया-धीरज सिंगला, आंचल-अंशुल





सिंघानिया, नीकिता-विकास अग्रवाल, कशिश-अखिल अग्रवाल, समक्ष गुप्ता, रजत गर्ग, विनय गुप्ता, अभिनव-रीतिका गोयल, अक्षित-क्रीति गोयल, वरुण-ईशिता गोयल, पियूश-अर्पना गोयल, अंकित-प्रेरणा गुप्ता, नीतिन-सलोनी गर्ग, रियांश गोयल, ईरिशा सिंगला, रुद्राश सिंगला, हर्शिव गुप्ता मौजूद थे। वहीं अन्य पारिवारिक सदस्यों में राजेश गर्ग-सुमन गर्ग, अश्वनी गोयल-सुनीता गोयल, अजय-अनू गोयल, संजय-काजल गोयल, रजत गर्ग, सौरव गोयल, विकास अग्रवाल-नीकिता अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, कशिश अग्रवाल, नीतिन गर्ग, सलोनी गर्ग, सक्षित, अनायशा, वियाना, विदीत, कृष्णा, अथर्व, आदिया, करीत्व, अगस्तया मौजूद थे।

# जेल में मंत्री से मुलाकात करेंगे CM मान, क्या यह हो सकता है सियासी संदेश ?



चंडीगढ़/यूटर्न/22 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार दोपहर 2 बजे गुरुग्राम जेल में बंद उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात करेंगे। यह पहली बार होगा जब किसी मंत्री के जेल में होने के बाद उनसे किसी स्टेट का सीएम व वरिष्ठ नेता मिलने जा रहा हो। इस मुलाकात पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं कि आखिर दोनों के बीच क्या बातचीत होती है और क्या इसका कोई राजनीतिक संदेश भी निकलता है। दिलचस्प बात यह है कि एक दिन पहले ही हलवारा एयरपोर्ट पर अरविंद केजरीवाल के साथ मौजूद सीएम भगवंत मान ने संजीव अरोड़ा का बचाव करते हुए भयान दिए थे। उन्होंने कहा था कि एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में अरोड़ा ने काफी मेहनत की है और आज उनकी कमी महसूस हो रही है कि वे इस मौके पर मौजूद नहीं हैं।

## 9 मई को किया था गिरफ्तार

संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 9 मई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। 18 मई को उन्हें गुरुग्राम की अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की अगली सुनवाई 1 जून को होगी। कोर्ट में पेशी के दौरान अरोड़ा भावुक नजर आए और परिवार से मिलते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने अपनी बेटी कृतिका अरोड़ा को गले लगाया।

## केजरीवाल ने बताया था सच्छा देशभक्त

इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर अरोड़ा के समर्थन में पोस्ट करते हुए उन्हें बहादुर और देशभक्त बताया। वहीं, अरोड़ा ने जमानत के लिए विशेष अदालत में याचिका दायर की है, जिस पर अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। अरोड़ा के वकीलों का कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है और आरोप बेबुनियाद हैं। फिलहाल, सीएम मान और संजीव अरोड़ा की इस मुलाकात को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मुलाकात के बाद पंजाब की राजनीति में क्या नया मोड़ आता है।

# आशु ने वेस्ट हलके के नेताओं संग की अहम बैठक



लुधियाना/यूटर्न/22 मई। पंजाब में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही कांग्रेस पार्टी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु की अध्यक्षता में वेस्ट हलके के पार्षदों, पूर्व पार्षदों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनावों और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने आशंका जताई कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आम लोगों और वोटरों को परेशान किया जा सकता है। नेताओं ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बेवजह तंग न किया जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। भारत भूषण आशु ने पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्षदों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर के तहत काम करने वाले स्टाफ की गतिविधियों पर नजर रखी जाए ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या गलत वोट काटने जैसी शिकायत सामने आने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैठक में पूर्व पार्षद ममता आशु, पार्षद सन्नी भल्ला, नरेंद्र काला, पंकज काका, इंद्रजीत सिंह इंदी, पूनम सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लुधियाना में 23 मई को लगेगा 360° इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपो, लाइव रेस्क्यू डेमो रहेगा आकर्षण

CICU CHAMBER OF INDUSTRIAL & COMMERCIAL UNDERTAKINGS

लुधियाना,/यूटर्न/ 22 मई। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स द्वारा 23 मई 2026 को CICU कॉम्प्लेक्स, लुधियाना में द्वितीय 360° इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपो एवं कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें NDRF, पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, FSAI और पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का सहयोग रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों में कार्यस्थल सुरक्षा, आग से बचाव और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस एक्सपो में सेफ्टी एक्सपर्ट्स, उद्योगपति, MSME और सुरक्षा समाधान प्रदाता एक मंच पर जुटेंगे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण NDRF द्वारा लाइव रेस्क्यू ऑपरेशन डेमो होगा, जिसमें वास्तविक आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे तक मॉक ड्रिल और CPR डेमो भी आयोजित किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। CICU के प्रधान उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा सतत औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी उद्योगों को इसमें सक्रिय भागीदारी कर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए।



पेज 12 बुड़ैल की बड़ी जीत: दो दिन में खुली सेक्टर 33/45 डिवाइडिंग रोड.........

# महिला ने पहले लगाया गैंगरेप का आरोप, कोर्ट में बोली गलतफहमी हुई, 1 लाख जुर्माना लगा

मोहाली/यूटर्न/22 मई। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाकर बाद में उसे गलतफहमी बताने वाली महिला पर सख्त रुख अपनाते हुए 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376-डी जैसे गंभीर मामलों में इस तरह कानून का इस्तेमाल न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है और इससे महिलाओं की गरिमा भी प्रभावित होती है। यह आदेश जस्टिस आलोक जैन ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें समझौते के आधार पर एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द तो कर दी, लेकिन शिकायतकर्ता के आचरण पर कड़ी टिप्पणी करते हुए उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही आरोपी पक्ष की ओर से भी 10-10 हजार रुपए जमा कराने के निर्देश दिए गए। समझौता बिना दबाव के हुआ सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों को संबंधित मजिस्ट्रेट और ट्रायल कोर्ट के सामने बयान दर्ज कराने के लिए कहा था। इसके बाद पठानकोट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता पूरी तरह स्वेच्छा से और बिना किसी दबाव, डर या लालच के हुआ है। राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकील ने भी एफआईआर रद्द करने का विरोध नहीं किया।




## देरी से शिकायत दर्ज, मेडिकल सबूत भी नहीं मिले

जस्टिस आलोक जैन ने कहा कि शिकायतकर्ता ने कई लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाए, लेकिन घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने में हुई देरी का कोई संतोषजनक कारण नहीं बताया। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपों को साबित करने के लिए कोई मेडिकल सबूत नहीं मिला। बाद में शिकायतकर्ता ने समझौता कर कहा कि एफआईआर गलतफहमी से दर्ज कराई। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इतने गंभीर आरोपों को बाद में गलतफहमी बताना साफ दर्शाता है कि शिकायतकर्ता ने कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग किया और अधिकारियों को गुमराह करने के साथ आरोपियों पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश की।

# हाईवे पर लगे सीसीटीवी से सेना की गतिविधियों पर रखी गई नजर, एक शकी व्यक्ति गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मई। पंजाब में एक हाईवे पर लगा सीसीटीवी कैमरा अब एक बड़ी जासूसी जांच का केंद्र बन गया है। इस जांच में सीमा पार से निगरानी और संदिग्ध पाकिस्तानी हैंडलर्स के शामिल होने के आरोप हैं। पंजाब पुलिस ने पठानकोट के रहने वाले बलजीत सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

उस पर आरोप है कि वह संवेदनशील पठानकोट-जम्मू कॉरिडोर के पास भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों पर गुपचुप तरीके से नजर रख रहा था और उस फुटेज को पाकिस्तान से जुड़े हैंडलर्स के साथ साझा कर रहा था।

जांचकर्ताओं के अनुसार, यह मामला कम लागत वाले, लेकिन बेहद असरदार निगरानी अभियानों के एक नए तरीके की ओर इशारा करता है। इन अभियानों में आसानी से उपलब्ध होने वाले इंटरनेट-सक्षम उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है।



## पठानकोट के व्यक्ति पर आरोप

पंजाब पुलिस के मुताबिक, पठानकोट जिले के चक धारीवाल गांव के रहने वाले बलजीत सिंह ने कथित तौर पर नेशनल हाईवे-44 पर एक पुल के पास स्थित एक दुकान में इंटरनेट-आधारित सीसीटीवी कैमरा लगाया था। यह पठानकोट-जम्मू का एक बेहद अहम रास्ता है, जिसका इस्तेमाल सेना और अर्धसैनिक बलों के काफिले अक्सर करते हैं। शक है कि इस कैमरे को रणनीतिक रूप से ऐसी जगह लगाया, ताकि जम्मू-कश्मीर जाने वाले रक्षा वाहनों और जवानों की गतिविधियां कैद हो सके। आरोप है कि इस कैमरे की 'लाइव फीड' पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को भेजी जा रही थी।

# रॉन्ग साइड जा रही कार के कारण हुआ हादसा, सामने से आ रही फॉरच्यूनर हुई बेकाबू, दो कारों को मारी टक्कर

लुधियाना/यूटर्न/22 मई। प्रीत पैलेस के पास एक रॉन्ग साइड जा रही डस्टर कार के कारण भयानक हादसा हो गया। रॉन्ग साइड जाने के कारण सामने से आ रही फॉरच्यूनर कार असंतुलित हो गई और वे डस्टर को टक्कर मारते हुए वहां खड़ी एक अन्य कार से जा टकराई है। हादसे में कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन जानी नुकसान होने से बचाव हो गया। करीब 3:15 बजे हुआ सड़क हादसा सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। गनीमत यह रही कि इस भयंकर हादसे में एक राहगीर की जान बाल-बाल बच गई, वरना कोई बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। सीसीटीवी कैमरे से साफ दिखाई दे रहा है कि डस्टर कार रॉन्ग साइड जा रही होती है, जबकि इसी वजह से सामने आ रही दूसरी कार का चालक बचाव करने का प्रयास करता है। लेकिन फिर भी डस्टर कार से टक्कर हो जाती है। मामले की सूचना मिलने पर चौकी आत्म नगर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। इलाके के लोगों के अनुसार इस सड़क पर कई लोग रॉन्ग साइड चलते हैं। जिस कारण यह हादसे होते हैं।



## खुले गटर में स्कूटी समेत गिरी मां-बेटी, लोगों ने किया बचाव, चोटें आईं

लुधियाना/यूटर्न/22 मई। ताजपुर रोड पर सड़क पर भरे पानी के बीच सीवरेज खुला होने के कारण स्कूटी सवार मां-बेटी उसमें जा गिरे। जिस कारण दोनों जख्मी हो गए। मां ने शोर मचाया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने इकट्ठे होकर बच्ची को बाहर निकाला। ये वीडियो केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शुक्रवार को शेयर किय। जानकारी के अनुसार एक बच्ची अपनी मां के साथ स्कूटी पर जा रही थी। सड़क पर सीवरेज ब्लॉक के कारण सारा गंदा पानी बाहर निकला हुआ था। वहां सीवरेज होल खुला होने के कारण स्कूटी गटर में फंस गई। जिससे बच्ची व उसकी मां गिर गए। जबकि बच्ची भी स्कूटी के साथ ही गटर में फंस गई। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने कहा कि विज्ञापन वाइब्रेंट पंजाब दिखाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बर्बाद पंजाब है। लुधियाना की ताजपुर रोड का यह नजारा आप सरकार के झूठे विकास मॉडल पर एक जोरदार तमाचा है। उन्होंने कहा कि पंजाब को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। क्या यही भगवंत मान का बदलाव है? जहां एक आम आदमी को सड़क पर चलते हुए भी मौत का डर सताता है। यह घोर आपराधिक लापरवाही है। लोगों ने बताया कि इलाके में डेयरियों का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। पानी इतना ज्यादा होता है कि सड़क के गड्ढों और गटर का बिल्कुल पता नहीं चलता, जिससे यहां रोजाना ऐसे हादसे होते रहते हैं।



## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में तीसरी और छठी कक्षा की ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित




लुधियाना/यूटर्न/22 मई। इंटरनेशनल पब्लिक सी.सै. स्कूल, संधू नगर सिविल सिटी में कक्षा तीसरी और छठी की ग्रेजुएशन सेरेमनी का कार्यक्रम स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर बलजिंदर सिंह संधू, अकादमिक डायरेक्टर हरमन सिंह संधू और स्कूल प्रधानाचार्य शीतल नथैनिएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ए.सी.पी ट्रैफिक गुरदेव सिंह ने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा, नृत्य और गायन प्रस्तुत कर आए हुए अतिथिगण और अभिभावकों का मनोरंजन करके मन मोह लिया। मुख्य मेहमान ए.सी. पी ट्रैफिक गुरदेव सिंह जी ने छात्रों के उत्साह वर्धन के लिए सभी श्रोतागण से अपने जीवन के अनुभवों को सांझा किया और आगामी भविष्य के लिए विद्यार्थियों को निर्देश देते हुए नवजीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में जी.एन.ए यूनिवर्सिटी की ओर से वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम/उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं और बाहरवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# मौलीजागरां पुलिस ने युवक को कमानिदार चाकू के साथ दबोचा

चंडीगढ़/यूटर्न/22/मई। शहर में अपराध और हथियारों पर लगाम कसने के अभियान के तहत थाना मौलीजागरां थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक कमानिदार चाकू बरामद किया गया है। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशन में की गई। मामले की निगरानी एसपी सिटी के.एम प्रियंका , एसडीपीओ नॉर्थ-ईस्ट रामगोपाल और मौलिजागरां थाना प्रभारी जस्करण सिंह की देखरेख में हुई।

पुलिस के अनुसार 20 मई को एएसआई रमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौली जागरां क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात करीब 8:30 बजे रेलवे लाइन, मखनमाजरा के पास पुलिस टीम ने एक युवक को संदिग्ध हालत में आते देखा। युवक ने पुलिस को देखकर अचानक दिशा बदल ली और तेज कदमों से वापस जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान डेराबस्सी निवासी करण उर्फ डैनी के रूप में हुई।

# हरियाणा बनेगा ईवी हब, निवेशकों के लिए बड़ा मौकावार्ड नंबर 18 में बदलाव की बयार, रिम्पी लद्धड़ की चुनावी सभा में उमड़ा जनसैलाब

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/22/मई। जगरांव नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर शहर के विभिन्न वार्डों में चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज हो रही हैं। वार्ड नंबर 18 से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार परमजीत सिंह उर्फ रिम्पी लद्धड़ को वार्ड वासियों से मिल रहे भारी समर्थन की चचाएं हर तरफ गर्म हैं। इसी बीच, आज वार्ड नंबर 18 में कांग्रेस उम्मीदवार रिम्पी लद्धड़ द्वारा एक विशाल चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस चुनावी रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और लुधियाना से वर्तमान सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की धर्मपत्नी अमृता वड़िंग विशेष रूप से शामिल हुईं और उन्होंने विशाल इकट्ठ को संबोधित किया।

## अमृता वड़िंग का संबोधन: बदलाव और विकास पर जोर

अमृता वड़िंग ने अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जगराओं के मौजूदा हालातों का जिक्र करते हुए बदलाव की राजनीति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा:

अगर इस बार वार्ड वासी कांग्रेस उम्मीदवार परमजीत सिंह उर्फ रिम्पी लद्धड़ पर अपना भरोसा जताते हुए उन्हें अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाते हैं, तो वह वार्ड के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हमेशा जनता के सुख-दुख के साथी बनकर काम करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जगरांव की जनता से अपील की कि वे 26 मई को भारी संख्या में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर नगर परिषद में कांग्रेस के मजबूत नेतृत्व को सुनिश्चित करें।

## पिछली कमियों और भविष्य के बदलाव का दावा

चुनावी जनसभा के दौरान अमृता वड़िंग ने दावा किया कि पिछले समय में जगराओं के विकास कार्यों में काफी रुकावटें आईं और अब आने वाला समय बदलाव का है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब की जनता भविष्य में बड़े स्तर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन करने जा रही है।

उम्मीदवार रिम्पी लद्धड़ का वादा

इस मौके पर कांग्रेस उम्मीदवार परमजीत सिंह उर्फ रिम्पी लद्धड़ ने वार्ड वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जनता उन पर भरोसा करती है, तो वह:वार्ड के सर्वांगीण विकास, साफ-सफाई की व्यवस्था, और कूड़े की समस्या के स्थायी समाधान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि वार्ड वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी सबसे पहली जिम्मेदारी होगी।

## चुनावी नए चेहरे को मौका देने का मूड

स्थानीय सूत्रों और राजनीतिक जानकारों के अनुसार, इस बार वार्ड के कई मतदाता नए चेहरे को मौका देने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। चुनावी माहौल में यह चर्चा भी जोरों पर है कि रिम्पी लद्धड़ अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वार्ड के लोगों का मानना है कि रिम्पी लद्धड़ का सादगी भरा और मिलनसार स्वभाव वोटरों को आकर्षित कर रहा है।

वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक पूरे शहर में चल रही बदलाव की लहर का सीधा असर वार्ड नंबर 18 में भी साफ देखने को मिल रहा है।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

# सोशल मीडिया की झूठी लोकप्रियता और युवा पीढ़ी

आज के समय में सोशल मीडिया पर लोकप्रिय दिखना बहुत आसान हो गया है। कई लोग फेक अकाउंट्स, नकली फॉलोअर्स और खरीदे हुए लाइक्स के सहारे खुद को बड़ा नेता, विचारक या जनता का हितैषी साबित करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपनी राजनीतिक सोच फैलाने के लिए भी ऐसे तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। उखढ पार्टी भी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हजारों फेक अकाउंट्स किसी व्यक्ति की तारीफ करते हैं, तो आम लोगों को लगता है कि वह सच में बहुत लोकप्रिय है। दुर्भाग्य से हमारे देश के कई ऋूल्ले युवा भी बिना सच्चाई जांचे इन बातों के प्रभाव में आ जाते हैं। वे सोशल मीडिया पर दिख रही हर चीज को सच मान लेते हैं। किसी भी मुद्दे की गहराई समझने, तथ्य जांचने और अलग-अलग विचार सुनने की आदत कम होती जा रही है। यही कारण है कि राजनीतिक खेल आसानी से सफल हो जाते हैं। हमें समझना होगा कि इंटरनेट पर दिखाई देने वाली भीड़ हमेशा असली नहीं होती। समझदार नागरिक वही है जो किसी भी नेता या विचार को आंख बंद करके स्वीकार न करे, बल्कि सवाल पूछे, जानकारी की जांच करे और अपनी सोच खुद बनाए। अगर युवा जागरूक बनेंगे, तभी देश सही दिशा में आगे बढ़ेगा।

## कानूनी बात : निशांत प्रभाकर के साथ

### क्या Marriage Registration जरूरी है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

भारत में बहुत से विवाह केवल धार्मिक रीति-रिवाजों से संपन्न हो जाते हैं, लेकिन बाद में कानूनी विवाद आने पर Marriage Registration का महत्व सामने आता है। Marriage Registration विवाह का आधिकारिक कानूनी रिकॉर्ड होता है। यह साबित करने में मदद करता है कि विवाह वास्तव में हुआ है और दोनों पक्ष कानूनी रूप से पति-पत्नी हैं। आज के समय में पासपोर्ट, visa, bank nomination, insurance claim, property disputes, child custody और divorce जैसे मामलों में Marriage Certificate एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। हालांकि, केवल registration न होने से हर विवाह अवैध नहीं हो जाता। यदि विवाह संबंधित व्यक्तिगत कानूनों और आवश्यक रस्मों के अनुसार हुआ है, तो वह वैध माना जा सकता है। लेकिन registration होने से भविष्य में प्रमाण (proof) से जुड़ी समस्याएं कम हो जाती हैं। कुछ राज्यों में marriage registration को अनिवार्य बनाने के लिए विशेष नियम भी बनाए गए हैं। कई लोग यह सोचकर Registration नहीं करवाते कि शादी की photographs और rds ही पर्याप्त होंगे, लेकिन अदालत और सरकारी प्रक्रियाओं में official certificate अधिक मजबूत प्रमाण माना जाता है। विशेष रूप से inter-caste, inter-religion, foreign marriage या भविष्य में संभावित विवाद वाले मामलों में registration अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

निष्कर्ष: Marriage Registration केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वैवाहिक संबंध का महत्वपूर्ण कानूनी प्रमाण है। भविष्य के विवादों और दस्तावेजी समस्याओं से बचने के लिए इसे समय पर करवाना चाहिए।

# 'आप' उम्मीदवार की 'दोहरी सियासत' पर भड़के विधायक सरबजीत कौर मनु के मानू, कहा- 'पार्टी मयार्दा के अनुसार होगी सख्त कार्रवाई'

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/22 मई। नगर परिषद चुनाव की तारीख (26 मई) जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, जगरांव की सियासत में पल-पल रंग बदल रहे हैं। वफादारी, बगावत और भीतरघात के इस खेल में एक ऐसा अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने आम आदमी पार्टी (अअढ) के भीतर हड़कंप मचा दिया है। लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद पिछले कुछ सालों से खुद को आम आदमी पार्टी का कट्टर वफादार बताने वाले एक उम्मीदवार की 'दोहरी राजनीति' अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ा संज्ञान लेते हुए स्थानीय 'आप' विधायक सरबजीत सिंह मानूं ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि पार्टी में किसी भी तरह का भीतरघात या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस मामले पर प्रशासनिक व पार्टी की मयार्दा के अनुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एक घर, दो वार्ड और दो अलग-अलग नीतियां

यह पूरा मामला वार्ड नंबर 10 से 'आप' के आधिकारिक उम्मीदवार कंवरपाल सिंह डिपो वाले से जुड़ा है। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, कंवरपाल ने पार्टी हाईकमान से अपने परिवार के लिए दो टिकटों की मांग की थी। लेकिन पार्टी ने उन्हें सिर्फ वार्ड नंबर 10 से 'झाड़ू' के निशान पर चुनावी मैदान में उतारा।

## टिकट न मिलने से नाराज

कंवरपाल सिंह ने पार्टी के वफादार सिपाही होने का चोला उतारकर वार्ड नंबर 5 में सीधा विद्रोह कर दिया। उन्होंने लुधियाना में ब्याही अपनी बेटी परमिंदर कौर को वार्ड नंबर 5 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा कर दिया है। यह बगावत कितनी सोची-समझी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कंवरपाल सिंह न सिर्फ अपनी बेटी को पीछे से सपोर्ट कर रहे हैं, बल्कि खुलकर उसके पक्ष में प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।

# हरियाणा बनेगा ईवी हब, निवेशकों के लिए बड़ा मौका

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। इस दिशा में नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।



बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संभावनाओं और एकीकृत ईवी एवं ऑटोमोटिव विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान वैश्विक ईवी निर्माता कंपनी विनफास्ट (VinFast) से संबंधित प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणा में संभावित निवेश के अवसरों को रेखांकित किया गया।

मुख्यमंत्री सैनी ने इस अवसर पर विनफास्ट की कार का परीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए पारदर्शी नीतियां, बेहतर कानून-व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के निकट होने और मजबूत सड़क एवं लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के कारण हरियाणा ऑटोमोबाइल और ईवी उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा एंटरप्राइज प्रमोशन सेंटर के माध्यम से निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सभी आवश्यक सेवाएं और अनुमतियां समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूती मिली है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा, नई तकनीकों और टिकाऊ औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ईवी निर्माण, बैटरी उत्पादन, ऑटो कंपोनेंट्स और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सरकार और उद्योग जगत के सहयोग से हरियाणा जल्द ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वैश्विक पहचान स्थापित करेगा।

बैठक में उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, विनग्रुप एशिया के सीईओ फाम सन्ह चौ, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कई उद्योगपति उपस्थित रहे।

# हरियाणा की डिजिटल क्रांति: परिवार पहचान से 2.36 करोड़ से अधिक सेवाएं जारी, घर बैठे मिल रहा सरकारी लाभ




चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। हरियाणा सरकार की परिवार पहचान पत्र (PPP) योजना राज्य में डिजिटल सुशासन की एक मजबूत मिसाल बनकर उभरी है। इस व्यवस्था के तहत अब तक 2.36 करोड़ से अधिक प्रमाण पत्र एवं सरकारी सेवाएं नागरिकों को घर बैठे उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर से मुक्त कर पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस सेवाओं के माध्यम से सुविधाएं सीधे उनके घर तक पहुंचाना है। इसी दिशा में परिवार पहचान पत्र प्रणाली ने राज्य में सरकारी सेवाओं की पहुंच को पूरी तरह बदल दिया है। जून 2020 में शुरू की गई इस योजना के तहत हर परिवार को एक यूनिक फैमिली आईडी दी गई है, जिससे एक बड़ा और विश्वसनीय डेटाबेस तैयार हुआ है। इसी डेटा के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक लाखों नागरिकों को विभिन्न प्रमाण पत्र और लाभ दिए गए हैं, जिनमें आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं। कुल मिलाकर 50 से अधिक विभाग और 400 से ज्यादा योजनाएं इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुकी हैं।

# डड्डूमाजरा में चला विशेष सफाई अभियान

## 22 टन गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा वैज्ञानिक निस्तारण के लिए भेजा गया

चंडीगढ़ : पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को डड्डूमाजरा डंपिंग साइट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व नगर निगम आयुक्त अमित कुमार और चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने किया। दोनों अधिकारियों ने निगम कर्मचारियों के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य में हिस्सा लिया।



अभियान के दौरान डंपिंग साइट से करीब 22 टन गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्र किया गया, जिसे वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण और प्रोसेसिंग के लिए ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट भेजा गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय खतरे कम करना, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना और शहर में टिकाऊ कचरा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है।

अभियान के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लास्टिक, पॉलीथिन, रबर, कपड़े सहित अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को मैन्युअली एकत्र किया। नगर निगम आयुक्त और चीफ इंजीनियर की सक्रिय भागीदारी से कर्मचारियों का उत्साह भी बढ़ा।

इस मौके पर आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई अभियान, वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निस्तारण और लोगों की भागीदारी से ही स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से कचरे को स्रोत स्तर पर अलग-अलग करने और जिम्मेदारी से निस्तारण करने की अपील भी की।

भीषण गर्मी में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए नगर निगम की ओर से मौके पर छबील भी लगाई गई। कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनका मनोबल बढ़ा है। अभियान में नगर निगम के अधिकारियों, इंजीनियरों, सफाई कर्मचारियों और फील्ड स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# ई-वे बिल पोर्टल में बड़े बदलाव: व्यापारियों और ट्रांसपोर्टर्स के लिए नई गाइडलाइन जारी


करन चावला
(Advocate)

लुधियाना/यूटर्न/ 22 मई। माल की आवाजाही को और अधिक पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN) ने ई-वे बिल (e-Way Bill) सिस्टम में कुछ बड़े बदलाव किए हैं। टैक्स मामलों के एक्सपर्ट एडवोकेट करन चावला (B.Com., LL.B.) ने इन बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टर्स और आम जनता को अब काम करने के तरीकों में कुछ जरूरी सुधार करने होंगे।

**'शिप टू' (Ship To) GSTIN देना हुआ जरूरी:** अब 'बिल-टू/शिप-टू' (माल खरीदने वाला कोई और और माल डिलीवरी पाने वाला कोई और) वाले मामलों में, जहां माल भेजा जा रहा है, वहां का GST नंबर (Ship To GSTIN) डालना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर माल मंगाने वाला कोई आम ग्राहक है जिसके पास GST नंबर नहीं है, तो उस कॉलम में "URP" (Unregistered Person) लिखना होगा।

**शुरू हुई स्वैच्छिक ई-वे बिल क्लोजर सुविधा:** माल की डिलीवरी पूरी होते ही अब ई-वे बिल को बंद (Close) करने की एक नई सुविधा शुरू की गई है। इसे सप्लायर, माल पाने वाला, ट्रांसपोर्टर या गाड़ी का ड्राइवर (पोर्टल पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के जरिए) स्वैच्छिक रूप से बंद कर सकते हैं।

**कब और कैसे कर सकेंगे बंद:** यह क्लोजर ई-वे बिल नंबर या तारीख के हिसाब से किया जा सकेगा। माल डिलीवर होने वाले दिन या उसके ठीक अगले दिन तक ही बिल को बंद किया जा सकेगा। ड्राइवर या अधिकृत व्यक्ति बिना लॉगिन किए भी पोर्टल के 'सर्च' ऑप्शन में जाकर अपने मोबाइल पर OTP मंगाकर इसे बंद कर सकेंगे।

**15 जून से लागू होंगे नए नियम:** यह पूरा नया सिस्टम 15 जून 2026 से लाइव कर दिया जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर कंपनियों और तकनीकी विभागों को अभी से अपने सिस्टम और ERP सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव करने की सलाह दी गई है। एडवोकेट करन चावला ने शहर के सभी व्यापारियों और सप्लायर्स को सलाह दी है कि वे समय रहते इन नए नियमों और डेटा एंट्री के तरीकों को समझ लें, ताकि 15 जून के बाद उनके व्यापार या माल की सप्लाई में कोई रुकावट न आए। किसी भी तकनीकी समस्या के लिए विभाग के हेल्पडेस्क की मदद ली जा सकती है।

# तकनीकी शिक्षा हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित : डिप्टी कमिश्नर

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, /यूटर्न/ 22 मई। पंजाब के विभिन्न तकनीकी कॉलेजों में नए सत्र में दाखिला लेने के लिए शुरू हुई ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि स्थानीय पंडित जगत राम सरकारी बहुतकनीकी कॉलेज में इच्छुक विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जो तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगा। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि 10वीं पास कर चुके विद्यार्थी इंजीनियरिंग डिप्लोमा के पहले वर्ष में दाखिला ले सकते हैं, जबकि आई.टी.आई. (दो वर्षीय), 12वीं वोकेशनल तथा 12वीं साइंस पास कर चुके विद्यार्थी दूसरे वर्ष में दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ विभिन्न तकनीकी शिक्षा संबंधी जानकारी देने के लिए सरकारी बहुतकनीकी कॉलेज में स्टाफ की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इन कोर्सों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, इसलिए इच्छुक विद्यार्थियों को इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए।

## भज्जी की वीडियो पर आया कमेंट, कहा, आप पार्टी इतनी बुरी तो सीट से इस्तीफा दो, भज्जी, किस मंत्री ने कितना पैसा दिया, सब बताऊंगा

जालंधर/यूटर्न/22 मई। मोहाली में दिनदहाड़े बच्ची की किडनैपिंग पर पोस्ट करने के बाद राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह दूसरे दिन भी ट्रोलर के निशाने पर रहे। भज्जी ने शुक्रवार को अपने एक्स हैंडल से ट्रोलर्स को जवाब दिया। भज्जी ने कहा कि समय आने पर आपकी हर बात का जवाब दिया जाएगा। मैंने आपके किसी लीडर को गाली नहीं दी। मुझे गद्दार कहने वालो पहले अपने लोगों से पूछो कि पंजाब की राज्यसभा सीट कितने में बेची थी। उन्होंने आगे लिखा अगर ना बताएं तो मैं आपको बताऊंगा कि किसको कितना चढ़ावा गया था और किसकी तरफ से गया था। कैसे किसको मंत्री और संतरी बनाया गया।



पंजाब को लूटने के लिए और लाला को माल पहुंचाने के लिए किसने क्या किया। पंजाब को लूट खा गए आप सब। बता दें कि मोहली के कुराली से दादा-दादी के सामने 20 मई को कुछ लोग बच्ची को किडनैप कर ले गए थे। इस वीडियो को भज्जी ने टैग कर डीजीपी गौरव यादव को इस मामले को देखने की बात कही। जिसके बाद सोशल मीडिया एक्स पर यूजर्स ने उनके पार्टी छोड़ने पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।

### आपने आप द्वारा दी सीट से इस्तीफा क्यों नहीं दिया

देवेंद्र यादव उर्फ देव ने लिखा कि कि डियर गद्दार हरभजन सिंह जिस लीडर को आप दिन-रात भला बुरा बोलते हो उसकी दी गई राज्यसभा सीट से इस्तीफा क्यों नहीं दिया ? पंजाब के 800+ किसान भाइयों की मौत की जिम्मेदार भाजपा में जाना आपकी कौनसी मजबूरी थी? अपने जमीर की कीमत कितनी लगाई आपने? सुना है 25-25 करोड़ में बोली लगाई है भाजपा ने गद्दारों की, सच है क्या?


HAPPY BIRTHDAY



हर्षित खन्ना

HAPPY BIRTHDAY



NISHIKA PRABHAKAR

HAPPY BIRTHDAY



MONIKA SHARMA


# चंडीगढ़ में 35 लाख की चोरी की गुथी सुलझी

## सेक्टर 26 थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़। सेक्टर-7सी स्थित स्पोर्ट्स शॉप में हुई 35 लाख रुपये की चोरी के मामले में चंडीगढ़ सेक्टर 26 थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महिला एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देश और एसडीपीओ ईस्ट पी.अभिनंदन की निगरानी में सेक्टर-26 थाना पुलिस और डीसीसी की टीमों ने कार्रवाई करते हुए अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की नकदी और चोरी किए गए आईफोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 14 मई 2026 को सेक्टर-7सी स्थित एससीएफ नंबर-14 में मौजूद 'मेट्रो स्पोर्ट्स' के मालिक राजेश बजाज ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि 13 मई की रात दुकान



बंद कर घर गए थे। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जांच करने पर करीब 35 लाख रुपये की नकदी और दो एप्पल आईफोन चोरी पाए गए।

शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-26 में एफआईआर नंबर 56 दिनांक 14 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 305 और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल तक पहुंचने और वहां से भागने के रास्तों के कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले। तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 19 मई को पहले ढकोली निवासी आरोपी गुरसेवक उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी किया गया एक आईफोन 16 Pro बरामद हुआ।

इसके बाद 20 मई को आरोपी विशाल उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 4 लाख 500 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस रिमांड के दौरान विशाल की निशानदेही पर 21 मई को तीसरे आरोपी सोनू उर्फ आर्यन को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी का एक आईफोन 12 ढ१ड्ड, चोरी की रकम से खरीदा गया एक आईफोन 14 और 7 लाख 96 हजार 340 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का आगे भी रिमांड लिया जाएगा ताकि चोरी की बाकी रकम और अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके। मामले की जांच जारी है।

# मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत के माता-पिता गिरफ्तार, ढाबे पर फायरिंग मामले में किया नामजद

खन्ना/यूटर्न/22 मई। लुधियाना के कस्बा खन्ना पुलिस ने 1 मई को प्रेम वैष्णो ढाबा पर हुई फायरिंग और फिरौती मांगने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया में बैठे दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत सिंह के माता-पिता को देर रात गिरफ्तार किया है। शगनप्रीत के पिता सौदागर सिंह और माता दलजीत कौर को उनके पैतृक गांव चढ़ी, जिला फतेहगढ़ साहिब से पकड़ा गया। दोनों को इस मामले में साजिशकर्ता के तौर पर नामजद किया गया है। शगनप्रीत सिंह, जो दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का पूर्व मैनेजर रह चुका है, लंबे समय से विदेश में रह रहा है। पुलिस के अनुसार, उसके माता-पिता लगातार उसके संपर्क में थे। वे वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों और उनके सहयोगियों के साथ भी संपर्क बनाए हुए थे।

### फायरिंग की कई घटनाओं में दोनों का नाम

यह उल्लेखनीय है कि शगनप्रीत सिंह के माता-पिता का नाम पहले भी खन्ना के पायल और दोराहा क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटनाओं में सामने आया था। उन मामलों में भी पुलिस ने दोनों को नामजद किया था। पिछली गिरफ्तारी के बाद सौदागर सिंह को



अदालत से जमानत मिल गई थी, जबकि दलजीत कौर भी जमानत पर बाहर थीं। अब प्रेम वैष्णो ढाबा फायरिंग और फिरौती मामले में उन्हें दोबारा नामजद कर गिरफ्तार किया गया है।

# चिट्ठियों के संसार में पहुँचे नन्हे कदम

## GHG अकादमी के बच्चों ने जाना कैसे काम करता है डाकघर

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/22/मई। किताबी ज्ञान को व्यावहारिक दुनिया से जोड़ते हुए, जी.एच.जी. अकादमी की पहली और दूसरी कक्षा के नन्हे विद्यार्थियों ने स्थानीय डाकघर का एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। 'अनुभवात्मक शिक्षा' (Experiential Learning के तहत आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य डिजिटल युग के बच्चों को हमारी पारंपरिक और बेहद महत्वपूर्ण डाक सेवाओं से रूबरू करवाना था।




डिजिटल पीढ़ी ने देखा 'चिट्ठियों का सफर'-आज की पीढ़ी जो ईमेल और व्हाट्सएप देखकर बड़ी हो रही है, उसके लिए रंग-बिरंगे पोस्टकार्ड और डाक टिकट कौतूहल का विषय बन गए। भ्रमण के दौरान बच्चों ने देखा कि कैसे एक पत्र अपने सफर पर निकलता है।

डाकघर के कर्मचारियों ने बच्चों का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया और बहुत ही सरल तरीके से उन्हें समझाया कि: पत्र और पार्सल की छँटाई (Sorting) कैसे होती है। डाक टिकट का क्या महत्व है और इसे क्यों लगाया जाता है। लेटर बॉक्स से लेकर आपके घर के दरवाजे तक डाकिया (Postman) कैसे खुशियाँ पहुँचाता है।

### उत्सुकता और सवालों की झड़ी

लेटर बॉक्स, लिफाफे और पार्सल काउंटर को इतने नजदीक से देखकर बच्चों का उत्साह सातवें आसमान पर था। नन्हे खोजकर्ताओं ने कर्मचारियों से अपनी मासूमियत भरे और उत्सुकता से भरे कई सवाल भी पूछे, जिनका वहाँ के स्टाफ ने हँसते-मुस्कुराते हुए जवाब दिया। इस तरह के भ्रमण बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें समाज और सामुदायिक सेवाओं (Community Services) की वास्तविक समझ देते हैं। जब बच्चे खुद चीजें देखते हैं, तो उनका सीखना स्थायी हो जाता है। विद्यालय क्यों खास रही यह यात्रा?

**वास्तविक अनुभव:** कक्षा में पढ़े गए 'संचार के साधनों' को बच्चों ने अपनी आँखों से लाइव देखा। **सामाजिक जुड़ाव:** बच्चों में हमारे समाज के असली हीरोज (जैसे डाकिया और डाक कर्मचारी) के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत हुई।

**रोमांचक सीख:** खेल-खेल में और बिना किसी बोझ के बच्चों ने एक पूरी व्यवस्था को समझा। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ यह दौरा नन्हे विद्यार्थियों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान और कभी न भूलने वाले खूबसूरत अनुभवों के साथ संपन्न हुआ। वाकई, जी.एच.जी. अकादमी की यह पहल बच्चों को एक जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक बेहतरीन कदम है।

## धनास में तेज रफ्तार का कहर: सड़क पार कर रहे युवक को कार ने रौंदा, खंभे से टकराई गाड़ी; मौत के बाद परिवार में मातम

अजीत झा

चंडीगढ़। शहर के धनास इलाके में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार का खौफनाक चेहरा देखने को मिला, जहां एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला टायर बाहर निकल गया और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।





मृतक की पहचान धनास की कच्ची कॉलोनी निवासी भिबाश कुमार के रूप में हुई है। वहीं कार चालक सूरज कुमार पंजाब के गांव मस्तगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे भिबाश कुमार सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान मुल्लांपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा। इसके बाद चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे की सूचना सुबह करीब साढ़े 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही Chandigarh Police के अंतर्गत सारंगपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एएसआई नसीब सिंह ने बताया कि शुरूआती जांच में तेज रफ्तार हादसे का मुख्य कारण सामने आ रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हादसे में इस्तेमाल कार नंबर CH01CR6501 को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। सारंगपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन जांच जारी है।

हादसे के बाद मृतक भिबाश कुमार के परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने भी इस हादसे पर दुख जताते हुए इलाके में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि धनास और आसपास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने में लापरवाही बरती जा रही है।



## डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर सफाई कर्मियों के लिए लगाई गई छबील, नगर निगम ने सराहा योगदान

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। डड्डूमाजरा डंपिंग साइट पर चल रहे स्वच्छता अभियान के बीच नगर निगम चंडीगढ़ की ओर से गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा एकत्र करने में जुटे कर्मचारियों के लिए छबील लगाई गई। इस दौरान कर्मचारियों को ठंडा मीठा जल वितरित कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की गई। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन और शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने के उद्देश्य से कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच काम कर रहे सफाई कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए यह पहल की गई। नगर निगम ने कहा कि स्वच्छ चंडीगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और प्रशासन उनके कल्याण तथा सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है।

## PU की 26 मई की परीक्षाएं स्थगित, अब 4 जून को होंगी एग्जाम



चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। पंजाब में होने वाले नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर पंजाब यूनिवर्सिटी ने 26 मई को आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार अब ये परीक्षाएं 4 जून को आयोजित की जाएंगी। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पहले की तरह ही रहेंगे। केवल परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। प्रशासन ने छात्रों को सलाह दी है कि वे परीक्षा से संबंधित नई जानकारी और अपडेट के लिए यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। पीयू के इस फैसले से उन छात्रों को राहत मिली है, जिन्हें नगर निकाय चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और आवाजाही को लेकर परेशानी होने की आशंका थी। चुनावी ड्यूटी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते कई क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से रिसर्च को बनाया जा सकता है बेहतरः डॉ. रोहिल ओबरॉय

## पी.एच.डी स्कॉलर्स के लिए किया गया विशेष व्याख्यान का आयोजन

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सेंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इंक्लूजन द्वारा एक विशेष एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। इस अवसर पर डी.ए.वी. कॉलेज, चंडीगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रोहिल ओबरॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग के स्टूडेंट प्रेस रिपोर्टर एवं पी.एच.डी स्कॉलर सरताज सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. रोहिल ओबरॉय का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।



अपने संबोधन में मुख्य वक्ता ने 'फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से रिसर्च' विषय पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि फोकस ग्रुप डिस्कशन तकनीक शोध कार्य को अधिक प्रभावी और गहन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. ओबरॉय ने बताया कि फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से रिसर्चर किसी समुदाय, समूह अथवा सामाजिक विषय से जुड़े अनुभवों, विचारों और व्यवहार को सामूहिक रूप से समझ सकता हैं। उन्होंने विशेष रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की समस्याओं एवं सामाजिक वास्तविकताओं को समझने में इस तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक शोध पद्धतियों की तुलना में फोकस ग्रुप डिस्कशन शोधार्थियों को वास्तविक अनुभवों और सामुदायिक दृष्टिकोणों तक पहुंचने का बेहतर अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से रिसर्च को नई दिशा और गहराई मिलती है।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा विषय से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। इस लैक्चर का आयोजन विभाग के डायरेक्टर प्रो. वीरेंद्र कुमार नेगी और कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कंचन चंदन के मार्गदर्शन में हुआ।




## जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आगे आई एस.एम.पी.सी., स्कॉलरशिप से संवारेंगे भविष्य

पटियाला, /यूटर्न/ 22 मई। आल इंडिया शिरोमणि मंदिर प्रबंधक कमेटी (रजि.) ने जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों की सहायता के लिए सराहनीय पहल करते हुए स्कॉलरशिप प्रदान की। संस्था की संरक्षक एवं कार्यकारी अध्यक्ष बहन नीलम दत्त ने एस.डी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य रिपुदमन सिंह को 20,000 रुपये का चेक सौंपा, जिससे छात्रों की पढ़ाई में मदद मिल सके। इस मौके पर बहन नीलम दत्त ने घोषणा की कि सनातन धर्म संस्कृत इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सत्र 2026-27 में 80,000 रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने समाज से अपील की कि जरूरतमंद छात्रों की मदद के लिए आगे आएं, क्योंकि छोटा सा सहयोग भी किसी का भविष्य बदल सकता है। कार्यक्रम में आठवीं कक्षा के मेधावी छात्र दक्ष प्रजापति को विशेष सम्मान दिया गया और अन्य पात्र विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति वितरित की गई। प्रधानाचार्य रिपुदमन सिंह ने संस्था का आभार जताया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कौन हैं अभिजीत दीपके? सोशल मीडिया पर वायरल Cockroach Janta Party और विवादों की पूरी कहानी

अजीत/चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों Cockroach Janta Partyl नाम तेजी से ट्रेंड कर रहा है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स (पूर्व ट्विटर) पर इस नाम से जुड़े वीडियो, मीम्स और पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंच रहे हैं। इस अनोखे नाम और अलग अंदाज की वजह से लोग लगातार जानना चाह रहे हैं कि आखिर इसके पीछे कौन है। इस चर्चा के केंद्र में हैं अभिजीत दीपके।

### कौन हैं अभिजीत दीपके?

अभिजीत दीपके सोशल मीडिया पर अपने व्यंग्यात्मक अंदाज और सिस्टम पर कटाक्ष करने वाले वीडियो के कारण तेजी से लोकप्रिय हुए हैं। उन्होंने kCockroach Janta Partyl को एक ऐसे मंच के रूप में पेश किया, जो आम लोगों की परेशानियों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, टैक्स व्यवस्था और राजनीतिक सिस्टम पर सवाल उठाता है।

हालांकि kCockroach Janta Partyl कोई आधिकारिक या चुनाव आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दल नहीं है, लेकिन इंटरनेट पर इसे 'जनता की आवाज' और 'सटायर पॉलिटिक्स' के रूप में देखा जा रहा है। अभिजीत दीपके अपने वीडियो में आम आदमी की समस्याओं को मजाकिया लेकिन तीखे अंदाज में रखते हैं, जिससे युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

### कैसे वायरल हुई kCockroach Janta Partyl

kCockroach Janta Partyl नाम अपने आप में लोगों का ध्यान खींचता है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इस नाम को लेकर मीम्स और रिएक्शन वीडियो बनाए। धीरे-धीरे यह एक ट्रेंड बन गया। कई लोगों ने इसे मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर व्यंग्य बताया, जबकि कुछ ने इसे युवाओं की नाराजगी और सिस्टम के खिलाफ आवाज कहा।




अभिजीत दीपके के वीडियो में अक्सर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, टैक्स और नेताओं के वादों पर कटाक्ष देखने को मिलता है। यही वजह रही कि कम समय में उनका कंटेंट लाखों लोगों तक पहुंच गया।

### चंडीगढ़ में भी बना WhatsApp ग्रुप

kCockroach Janta Partyl का ट्रेंड सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। चंडीगढ़ में भी इसे लेकर युवाओं के बीच चर्चा शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार, स्थानीय सोशल एक्टिविस्ट योग करण ने इस नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था, जिसमें कई लोग जुड़े थे और इस ट्रेंड को लेकर चर्चा कर रहे थे। हालांकि शुक्रवार को इस मामले ने नया मोड़ ले लिया। बताया जा रहा है कि योग करण ने अचानक ग्रुप बंद करते हुए एक विवादित संदेश लिखा। संदेश में उन्होंने दावा किया कि kCockroach Janta Partyl के इंस्टाग्राम अकाउंट के 14 मिलियन फॉलोअर्स में बड़ी संख्या में 'पाकिस्तानी गद्दार' शामिल हैं। साथ ही उन्होंने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा कि 'ये सच में कॉकरोच ही हैं।'



### सोशल मीडिया पर बढ़ा विवाद

योग करण के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई। कुछ लोगों ने उनके बयान का समर्थन किया, जबकि कई यूजर्स ने इसे बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ करार दिया।

इंटरनेट पर इस बयान को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने वाले ट्रेंड अक्सर विवादों में भी घिर जाते हैं। kCockroach Janta Partyl के मामले में भी यही देखने को मिल रहा है, जहां एक ओर इसे युवाओं की आवाज बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसके समर्थकों और विरोधियों के बीच तीखी बहस छिड़ गई है।

### क्या बनेगी असली राजनीतिक पार्टी?




फिलहाल kCockroach Janta Partyl को लेकर किसी आधिकारिक राजनीतिक दल के गठन की घोषणा नहीं हुई है। इसे अभी सोशल मीडिया कैंपेन और व्यंग्यात्मक आंदोलन के रूप में ही देखा जा रहा है। लेकिन जिस तेजी से यह नाम वायरल हुआ है, उससे यह साफ है कि इंटरनेट की दुनिया में इसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। आने वाले समय में यह केवल सोशल मीडिया ट्रेंड बनकर रह जाएगा या किसी बड़े सामाजिक-राजनीतिक आंदोलन का रूप लेगा, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

# श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी गुरुपर्व को समर्पित अवसर पर राजवीर कौर गिल व सिमरत गिल ने लंगर और छबील का किया आयोजन

मोहाली/यूटर्न/ 22 मई। धन-धन श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी पर्व को समर्पित वार्ड नंबर 19 की उम्मीदवार राजवीर कौर गिल और वार्ड नंबर 16 की उम्मीदवार सिमरत गिल द्वारा संयुक्त रूप से भाईचारे का संदेश देते हुए लंगर और ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। सुबह से ही छबील स्थल पर लोगों का आना शुरू हो गया था। बढ़ती गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी की छबील लोगों के लिए बड़ी राहत बनी। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा कार्यकर्ता और इलाके के




गणमान्य लोग उपस्थित हुए। संगत ने पंगत में बैठकर कढ़ी-चावल और हलवे का लंगर प्रसाद छका।

इस मौके पर संबोधित करते हुए राजवीर कौर गिल और सिमरत गिल ने कहा, 'चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन हमारा रिश्ता सेवा का है। हम हमेशा अपने वार्ड के सुख-दुख में खड़े रहे हैं। हमारा वार्ड ही हमारा परिवार है।'

सिमरत गिल ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ वोट मांगना नहीं, बल्कि लोगों से जुड़ना है। उन्होंने अपील की, "आपने हमें पहले भी सेवा का मौका दिया है, अब वार्ड के बाकी बचे विकास कार्यों को पूरा करने के लिए दोबारा मौका दें।

इस आयोजन के माध्यम से दोनों उम्मीदवारों ने वार्डवासियों से सीधा संपर्क बनाया। आए हुए लोगों ने दोनों उम्मीदवारों के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के अंत तक संगत का उत्साह बना रहा और 'सेवा-सिमरन' का माहौल बना रहा।

# एमएचसी सेक्टर-13 के निवासियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड सीईओ से उठाए लंबित मुद्दे, लिफ्ट अनुमति की मांग तेज



चंडीगढ़। एमएचसी सेक्टर-13 स्थित रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के सीईओ डी.करतीकेयां से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल गुरसेवक सिंह ने किया। इस दौरान महासचिव एस.ए. कुरैशी और सचिव समन्वय मनदीप कौर भी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एमएचसी मकानों से जुड़े लंबे समय से लंबित मामलों को प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि नियमों के तहत ब्लॉकों में लिफ्ट लगाने की अनुमति का प्रावधान है, लेकिन सभी आवश्यक शर्तें पूरी किए जाने के बावजूद अब तक अनुमति नहीं दी गई है। निवासियों ने इस मामले में जल्द सकारात्मक फैसला लेने की मांग की। इसके अलावा निवासियों की जरूरतों के अनुसार मकानों में आवश्यक बदलावों का मुद्दा भी सीईओ के समक्ष रखा गया।

# प्रख्यात ज्योतिषी ऋतु सिंह को मिली शिवाश्री उपाधि

## अब शिवाश्री ऋतु के नाम से जानी जायेंगी देश की दिग्गज ज्योतिषी ऋतु सिंह

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। देश की मशहूर ज्योतिषी व शिव कथा मर्मज्ञ सुश्री ऋतु सिंह को अयोध्या में अनंत विभूषित जानकी घाट बड़ा स्थान मंदिर में देश के अग्रणी संत पूज्य महंत श्री जन्मेजय शरण महाराज द्वारा शिवाश्री की उपाधि प्रदान की गई है। इस अवसर पर संत शिरोमणि ने कहा कि यह पल मठ के लिये अत्यंत प्रसन्नता का सूचक है एवं सनातन धर्म व ज्योतिष के प्रचार प्रसार व अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता हेतु समय समय पर वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं, ताकि विद्वान मनीषियों का समाज से परिचय व उन्हें सर्वोच्च स्वीकार्यता मिल सके। इसी क्रम में देश की विद्वान



❑ अयोध्या के सबसे प्राचीन मठ ने दी ज्योतिषी ऋतु सिंह को शिवाश्री ऋतु नाम से नयी पहचान

व अग्रणी ज्योतिषी ऋतु सिंह को उनकी शिव भक्ति व ज्योतिषीय ज्ञान एवं किशोरी जी व राधा जी के प्रति अनन्य निष्ठा के परिपेक्ष्य में उन्हें श्री जानकीघाट बड़ा स्थान मंदिर श्री अयोध्या जी से शिवाश्री की उपाधि प्रदान की जाती है एवं आज से उन्हें शिवाश्री ऋतु के नाम से जाना जायेगा। साथ ही इस सम्मान के साथ वह परम्परागत व आध्यात्मिक रूप से इस प्राचीन पीठ से जुड़कर धर्म प्रचार का कार्य भी करेंगीं।

शिवाश्री की उपाधि से अभिभूत ऋतु सिंह ने कहा कि ये पल उनके लिए एक भावपूर्ण समय है उनके ज्योतिषीय ज्ञान व प्रभु भक्ति को मान्यता देने के लिये वह पूज्य महाराज जी की आभारी हैं। उनके मुताबिक समूचे जीवनकाल में प्रभु कृपा से ही ऐसे पल आते हैं जब आप अपने परिवार, समाज व कुल को गौरवान्वित करते हैं उनके ज्योतिषीय जीवन में ये वही पल है और वो शिवाश्री ऋतु नाम को सहर्ष अंगीकार करतीं हैं।



## प्रज्ञा जायसवाल का ग्लैमरस लुक वायरल, ब्लैक ड्रेस में बिखेरा हुस्न का जलवा

अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल  का लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। ब्लैक स्टाइलिश ड्रेस में उनका ग्लैमरस अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस तस्वीर में उनका एलीगेंट और कॉन्फिडेंट पोज लोगों का ध्यान खींच रहा है। फैंस लगातार कमेंट कर उनकी खूबसूरती और फैशन सेंस की तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने उन्हें 'स्टनिंग और ग्रेसफुल' बताते हुए पोस्ट को तेजी से शेयर किया है।

# पीजीआई की बड़ी उपलब्धि: AI तकनीक से शुरूआती स्टेज में पकड़ में आएगा गॉलब्लैडर कैंसर

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। पीजीआई के डॉक्टरों और वैज्ञानिकों की टीम ने गॉलब्लैडर कैंसर की शुरूआती पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉडल विकसित किया है। यह तकनीक अल्ट्रासाउंड इमेज के जरिए कैंसर की सटीक पहचान करने में मदद करेगी, जिससे खासतौर पर उत्तर भारत की महिलाओं को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। पीजीआई के रेडियोडायग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग के डॉ. पंकज गुप्ता के नेतृत्व में विकसित इस रिसर्च को अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लेंसट रीजनल हेल्थ इन साउथस्ट एशिया में प्रकाशित किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर भारत में गॉलब्लैडर कैंसर तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारी है और महिलाओं में इसके मामले अधिक



सामने आते हैं।

डॉक्टरों के मुताबिक पित्त की थैली में पथरी (गॉलस्टोन) इस कैंसर का प्रमुख कारण मानी जाती है। बड़ी चुनौती यह रहती है कि अधिकतर मरीजों में बीमारी का पता काफी देर से चलता है, जब इलाज के विकल्प सीमित हो जाते हैं। ऐसे में यह नई एआई तकनीक शुरूआती स्तर पर बीमारी पकड़ने में अहम भूमिका निभा सकती है।

**ऐसे काम करेगा एआइ मॉडल:** यह एआई मॉडल मरीज की कई अल्ट्रासाउंड तस्वीरों का एक साथ विश्लेषण करता है और कैंसर या नॉन-कैंसर की रिपोर्ट देता है। साथ ही यह रिपोर्ट की विश्वसनीयता भी बताता है। मॉडल उन हिस्सों को भी हाईलाइट करता है, जिनके आधार पर उसने निष्कर्ष निकाला, जिससे डॉक्टरों को रिपोर्ट समझने और पुष्टि करने में आसानी होगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मिलेगा बड़ा फायदा

विशेषज्ञों का कहना है कि अल्ट्रासाउंड जांच सस्ती और आसानी से उपलब्ध है, लेकिन शुरूआती कैंसर पहचानने के लिए अनुभवी विशेषज्ञ जरूरी होते हैं, जो छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर उपलब्ध नहीं होते। ऐसे में यह एआई तकनीक वहां के डॉक्टरों के लिए मददगार साबित हो सकती है।

# बुड़ैल की बड़ी जीत: दो दिन में खुली सेक्टर 33/45 डिवाइडिंग रोड, हजारों लोगों को राहत

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 22 मई। सेक्टर 45 बुड़ैल और सेक्टर 33 के बीच लंबे समय से बंद पड़ी 33/45 डिवाइडिंग रोड को आखिरकार प्रशासन ने दोबारा खोल दिया है। शुक्रवार को जैसे ही रोड खोलने के आदेश जारी हुए, इलाके के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने इसे जनता की बड़ी जीत बताते हुए प्रशासन और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का आभार जताया।

इस पूरे मुद्दे को लेकर स्थानीय आप नेता शादाब राठी लगातार सक्रिय रहे। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही शादाब राठी ने सचिवालय पहुंचकर राज्यपाल



को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में उन्होंने रोड बंद होने से आम लोगों को हो रही परेशानियों को विस्तार से रखा था। ज्ञापन में बताया गया था कि रोड बंद होने की वजह से सेक्टर 45 बुड़ैल के बच्चों को स्कूल आने-जाने में लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा था। वहीं बुजुर्गों को पार्कों तक पहुंचने में दिक्कतें हो रही थीं और रोजमर्रा के कामों के लिए लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। स्थानीय निवासियों ने इसे सुरक्षा और सुविधा दोनों से जुड़ा बड़ा मुद्दा बताया था। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही डीसी और चीफ सेक्रेटरी को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को रोड को दोबारा खोलने का फैसला लिया।

आप नेता शादाब राठी ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह जनहित में है और इससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब बच्चों का स्कूल तक पहुंचना आसान होगा, बुजुर्ग बिना परेशानी पार्कों तक जा सकेंगे और आम लोगों को भी आवाजाही में सुविधा मिलेगी।

रोड खुलने के बाद क्षेत्रवासियों ने शादाब राठी और प्रशासनिक अधिकारियों का धन्यवाद किया। लोगों का कहना है कि लंबे समय से उठ रही मांग पूरी होने से अब इलाके में ट्रैफिक और आवाजाही की समस्या काफी हद तक कम होगी।

# नगर परिषद चुनाव: शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवारों की जीत तय, प्रचार तेज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न22/मई। नगर परिषद चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का चुनाव प्रचार पूरी तरह चरम पर है। हलका इंचार्ज व पूर्व विधायक श्री एस.आर. कलेर की कुशल रणनीति के चलते पार्टी उम्मीदवारों को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।

## वार्ड नंबर 17 में उमड़ा जनसैलाब, 'जीत तय'

वार्ड नंबर 17 से अकाली दल की उम्मीदवार बीबी प्रदीप कौर ढिल्लों के पक्ष में आयोजित चुनावी बैठक ने एक विशाल रैली का रूप ले लिया।

उम्मीदवार के पति जसप्रीत सिंह जस्सी ढिल्लों ने कहा, वार्ड





के लोगों के भारी समर्थन से हमारी जीत पक्की है, अब सिर्फ घोषणा होना बाकी है। समाजसेवी अवतार सिंह लड्डू ने बीबी प्रदीप कौर को शिक्षित व नेक दिल उम्मीदवार बताया। SGPC सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने मतदाताओं से अपील की कि 26 तारीख को अधिक से अधिक वोट डालकर उन्हें विजयी बनाएं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता दीपइंदर सिंह भंडारी, हरदेव सिंह बॉबी और अमरीक सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## वार्ड नंबर 1 और 2 में दिग्गजों ने संभाली कमान

दूसरी ओर, वार्ड नंबर 1 से उम्मीदवार बीबी गुरदीप कौर और वार्ड नंबर 2 से तजिंदर सिंह जस्सल के पक्ष में दिग्गज नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है।

जिला प्रधान स. चंद सिंह डल्ला, पूर्व चेयरमैन स. दीदार सिंह मलक और डायरेक्टर जसवीर सिंह देहड़का (सरपंच) के नेतृत्व में जुझारू टीम ने घर-घर जाकर जोरदार प्रचार किया। इस दौरान क्ळ विंग के हलका प्रधान सुखदेव सिंह जग्गा सेखों, सतनाम सिंह बसूवाल, गुरप्रीत सिंह बसूवाल और जगजीत सिंह डल्ला सहित पूरी टीम ने वोटरों से अकाली दल के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## बिना नंबर प्लेट और हवाबाजी वाली बाइक पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, 32,500 का चालान; वाहन इंपाउंड

अजीत झा/पंचकूला/यूटर्न/ 22 मई। जिला पंचकूला में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत बरवाला क्षेत्र में जलौली टोल प्लाजा के पास ट्रैफिक पुलिस ने बिना नंबर प्लेट दौड़ रही एक बाइक को पकड़कर बड़ा कार्रवाई की। पुलिस ने बाइक का 32,500 रुपये का चालान काटते हुए वाहन को मौके पर ही इंपाउंड कर दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सुरजपुर ट्रैफिक पुलिस की टीम जलौली टोल प्लाजा के पास नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक चालक को रोककर जांच की गई। जांच में सामने आया कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी और उसकी जगह अलग-अलग स्टीकर लगाए गए थे। साथ ही बाइक पर हवाबाजी और दिखावे से जुड़े स्लोगन लिखे हुए थे, जो यातायात नियमों के खिलाफ पाए गए। पुलिस ने जब चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। नियमों के गंभीर उल्लंघन को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भारी चालान किया और बाइक को इंपाउंड कर लिया। सुरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों पर लगातार नजर बनाए हुए है, जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

# जब राजनेता खुद अपने ही खेल से डरने लगते हैं



संदीप शर्मा, सम्पादक

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जाँच के बाद पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ़्तारी ने एक बार फिर भारतीय राजनीति की अजीब और परेशान करने वाली स्थिति को उजागर कर दिया है। उनसे पहले अशोक मित्तल पर छापे पड़े थे और राजिंदर गुप्ता के मामलों की जाँच-पड़ताल हुई थी। इन लोगों पर लगे हर आरोप अदालत में टिकेंगे या नहीं, यह न्यायपालिका का काम है। लेकिन असली मुद्दा कहीं और है। भारत में राजनीति अब एक ऐसा मैदान बन गई है जहाँ साख ही हमेशा खतरे में रहती है। यहाँ तो जाँच-पड़ताल या प्रक्रिया ही सजा बन जाती है। दुख की बात सिर्फ़ यह नहीं है कि राजनेताओं की जाँच होती है। किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र में, ताकतवर लोगों की जाँच होनी ही चाहिए। दुख की बात यह है कि राजनीति अब ज्यादा से ज्यादा डराने वाली लगने लगी है, उद्योगपति, शिक्षाविद, पेशेवर लोग, समाज-सेवी, और वे लोग जो कभी यह सोचकर सार्वजनिक जीवन में आए थे कि शासन करना एक सम्मानजनक काम हो सकता है, अब इससे डरने लगे हैं। आज जो कारोबारी राजनीति में आता है, उसे अक्सर यह पता चलता है कि सार्वजनिक जीवन किसी लोकतांत्रिक संस्था जैसा कम और एक हमेशा चलने वाली अदालत जैसा ज्यादा है। हर फाइल पर शक किया जाता है, हर लेन-देन पर बाद में सवाल उठाए जाते हैं, और कारोबार का कोई भी पुराना मामला खोदकर एक बड़ा घोटाला बनाया जा सकता है। दोषी साबित होने से पहले ही, यह सारा तमाशा ही सजा बन जाता है। टेलीविजन पर होने वाली बहसों में अदालत के फैसले आने से पहले ही फैसले सुना दिए जाते हैं। सोशल मीडिया बिना किसी सबूत के ही लोगों को दोषी ठहरा देता है। जनता की याददाश्त शायद ही कभी किसी के बरी होने का इंतजार करती है। और फिर भी, राजनीति में आने वाले इज्जतदार लोगों की इस लगातार जाँच-पड़ताल के साथ-साथ, देश एक और परेशान करने वाली सच्चाई भी देख रहा है: वे लोग जिनका इतिहास साफ तौर पर हिंसक रहा है, जिनके आपराधिक रिकॉर्ड हैं, जो डरा-धमकाकर काम करवाते हैं, और जो जबरदस्ती वसूली करते रहे हैं, वे अक्सर राजनीतिक व्यवस्था में बड़ी आसानी से घूमते रहते हैं। कुछ लोग बार-बार चुनाव लड़ते हैं। कुछ लोग खुलेआम भीड़ को अपने इशारों पर नचाते हैं। कुछ लोग अपनी बदनामी को ही राजनीतिक फायदे में बदल लेते हैं। उनका अपराध किसी पेचीदा वित्तीय जाँच या तकनीकी नियमों से जुड़े विवादों के पीछे छिपा नहीं होता; वह साफ दिखाई देता है, उसके दस्तावेज मौजूद होते हैं, और अक्सर उसे ₹मजबूत नेतृत्व₹ कहकर सराहा जाता है। यह विरोधाभास हमारे लोकतंत्र की नैतिक बनावट में कुछ बहुत ही अस्वस्थ चीज को दिखाता है। राजनीति में आने को लेकर लोगों में एक तरह का निराशावाद पैदा होगा, जिसकी वजह यह अंग्रेजी कहावत है जो अब आम हो गई है: ₹प्रक्रिया ही सजा है, इसे भुगतो।₹ जो राजनेता इस माहौल में ढल चुका होता है, उसे किसी बात का ज्यादा डर नहीं लगता, क्योंकि उसके आस-पास तो घोटालों और विवादों का होना पहले से ही एक आम बात बन चुकी होती है। लोकतंत्र सिर्फ़ निराशावाद के सहारे हमेशा तक ज़िंदा नहीं रह सकता। कोई भी देश आखिरकार वैसा ही बन जाता है, जैसा कि उसकी राजनीतिक संस्कृति में सराहा जाता है। अगर सार्वजनिक जीवन से ऐसे लोग दूर जाने लगें जिनके पास पेशेवर उपलब्धियाँ हैं, कारोबार में साख है, या समाज में इज्जत है, तो राजनीति धीरे-धीरे सिर्फ़ ऐसे लोगों का ठिकाना बनकर रह जाएगी जो लापरवाह हैं और जिन्हें सिर्फ़ सत्ता की भूख है। भारत के लोकतंत्र को इस समय संतुलन और नैतिक गंभीरता को फिर से स्थापित करने की सख्त जरूरत है। अपराध के लिए सजा जरूर मिलनी चाहिए। भ्रष्टाचार की जाँच भी जरूर होनी चाहिए। लेकिन, आम आदमी की तरह ही, राजनीतिक नेताओं के लिए भी कानूनी प्रक्रिया खुद एक सजा नहीं बननी चाहिए। अगर हमें 2035 में जाकर पता चले कि संजीव अरोड़ा दोषी हैं या नहीं, तो क्या यह सही होगा ?

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372